डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | पौष कृष्ण पक्ष 14- 2082 | भोपाल,दिन गरूवार, दिनांक 18 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

वाहन की टक्कर व बाइकों की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत

भोपाल। बारापाटा हिल्स इलाके में आठ दिन पहले इवनिंग वॉक पर निकले 69 वर्षीय शांताराम महाजन को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल शांताराम की मंगलवार को एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया लसार, बैरसिया क्षेत्र में अलदपुर गांव के पास दो बाइकों की टक्कर में 27 वर्षीय सोनू अहिरवार की गंभीर चोट से मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी, बच्चे और दूसरी बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस जांच में जुटी है।

आज से भोपाल–जोधपुर में ओटीपी से तत्काल टिकट

भोपाल। तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से भोपाल रेलवे प्रशासन ने ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण लागू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था शताब्दी और वंदे भारत ट्रेनों में पहले से लागू है। यह आज 18 दिसंबर 2025 से गाड़ी संख्या 14314 भोपाल–जोधपुर एक्सप्रेस में भी ओटीपी के बिना तत्काल टिकट जारी नहीं होंगे। सीनियर डीसीएम सीमा कटारिया के अनुसार, बुकिंग के दौरान यात्री को मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा, सत्यापन के बाद ही टिकट जारी होगा।

नुर्रों पर बनेगा नया संगठन

भोपाल। सामान्य, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग की स्थिति और अधिकारों पर विचार के लिए तुलसीनगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में गोष्ठी हुई। विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं ने कहा कि इन वर्गों के कर्मचारियों को लंबे समय से पदोन्नति सहित कई अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। वर्गों के बाद एससी–एसटी संगठनों की तर्ज पर समानांतर संगठन बनाने पर सहमति बनी। संगठन का नाम सामान्य सामान्य ओबीसी अल्पसंख्यक जाति अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन सभ (सजावस) रखा गया है। इसकी शाखाएं प्रत्येक पंचायत से निकाय स्तर तक होंगी। इसके गठन की जिम्मेदारी इंजी. सुधीर नायक को सौंपी।

सीपीसीटी हटाने की मांग, वन भवन में प्रदर्शन

भोपाल। सीपीसीटी परीक्षा को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने विरोध तेज कर दिया है। वन भवन मुख्यालय में आयोजित सभा में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और सरकार से अनुकंपा नियुक्ति और चतुर्थ श्रेणी से पदोन्नति कर्मचारियों पर सीपीसीटी समाप्त करने की मांग की। संघ के महामंत्री उपाकर तिवारी ने बताया कि 26 फरवरी 2015 से लागू सीपीसीटी के कारण कई कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ गई है।

अस्थाई कर्मियों के संघों में आक्रोश

भोपाल। राज्य सरकार के फैसले को लेकर अस्थाई कर्मियों के बैनर से जुड़े कर्मचारी संगठनों में जबरदस्त आक्रोश है। मप्र दैनिक वेतन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष गोकुल राय ने सीएम को चिट्ठी भेजी। इसमें लिखा गया कि हमारी सिर्फ यह मांग है कि राज्य सरकार 2004 की लोक अदालत के फैसले का अमल करे। आउटसोर्स महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे, विजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के संयोजक मनीष भार्गव आदि ने अस्थाई कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात बताया।

एक दिन का विशेष सत्र: विधानसभा के 69 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने विशेष सत्र में किया ऐलान

भोपाल व इंदौर को बनाया मेट्रोपॉलिटन सिटी, जबलपुर–ग्वालियर होंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महाकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरुषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा ने अपनी स्थापना के 69 साल पूरे कर लिए हैं। इन मौके पर बुधवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया। सदन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन के लिए चुना गया है। वर्ष 2028 में ग्वालियर और जबलपुर को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का काम शुरू करेंगे। हम शहरों और गांवों के विकास को लेकर निरंतर काम कर रहे हैं।

इसके साथ गांवों में विकास भी जारी रहेगा। ब्लॉक स्तर पर वृंदावन गांव बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 395 सांदीपनि आश्रम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अर्जुन सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने नवोदय विद्यालय का गठन किया और उज्जैन में आश्रम खोला। नवोदय ने देश की

शहरों के साथ गांवों का भी होगा विकास, ब्लॉक स्तर पर बनेंगे

प्रदेश में 395सांदीपनि आश्रम बनाए

विधानसभा सत्र के दौरान मंत्री एवं विधायक

नक्सलियों का खात्मा किया | प्राइवेट स्कूलों के साढ़े आठ लाख छात्रों की सरकार ने भरी फीस

उज्जैन के बाद प्रदेश के बड़े शहर बनेंगे मेडिसिटी

मुख्यमंत्री ने सदन में चर्चा के दौरान जिक्र किया कि 11 दिसंबर को नक्सलियों ने अंतिम जीत लोकी गई। 1999 में कांग्रेस सरकार के एक मंत्री को सरेराह घेराकर पर नक्सलियों ने हत्या की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 700 मॉडल स्कूल, 52 सांदीपनि स्कूलों से शैक्षणिक लाभ, 8 हजार 367 स्कूलों में प्रोफेशनल कोर्स शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही 30 हजार से अधिक गाइडेंस स्कूलों से पढ़ने वाले साढ़े आठ लाख छात्रों की फीस सरकार ने भरी है।

एक साल में आए साढ़े तेरह करोड़ पर्यटक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने तरक्की की है। पहले जनी एक साल में जितने पर्यटक आते थे, उससे तो अब एक सप्ताह में आ रहे हैं। वर्ष 2024 में साढ़े 13 करोड़ रिकॉर्ड पर्यटक मध्यप्रदेश आए।

पीएम मित्र पार्क से तीन लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दो दिनों पहले पीएम मित्र पार्क की सौगात से मध्यप्रदेश निवेश अंचल में तीन लाख से अधिक लोगों को रोजगार और 6 लाख से ज्यादा अप्रत्यक्ष कारीगरों को फायदा होगा। नवरत्नीय उद्योगों के क्षेत्र में प्रदेश पूरे देश में आगे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मध्यकाल लोक, राम वन गमन पथ, लोक परंपराएं यह सब हमारी पहचान है। जिसके तहत राजधानी में सम्राट विक्रमादित्य, राजाभोज सहित 9 महापुरुषों के नाम पर 9 गेट बनाए जाएंगे। श्रीकृष्ण पाथेय के निर्माण के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन को स्वीकृति दी। शिक्षा के बुनियादीकरण के लिए 600 करोड़ की लागत से बनाने वाली काया कल्पना 360 परियोजना का भूमिपूजन किया गया है।

हथियारों की फैक्ट्री में पुलिस की 4 टीमों ने दी दबिश, दो गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

कमला नगर थाने के बगल में सालों से हथियार बनाने का अवैध कारोबार चल रहा था। पुलिस की चार टीमों ने एकसाथ कार्रवाई कर इस गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 75 छुरी और 4 तलवार सहित कुल 79 घातक हथियार बरामद किए गए। बापू नगर निवासी चंदन विश्वकर्मा और बुर्जेश विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया, जो अपने घरों को मिनी फैक्ट्री बनाकर हथियार तैयार कर रहे थे। यह हथियार शहर के गुंडा–बदमाशों को सप्लाई होते थे।

पुलिस ने बताया कि 16 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग बापू नगर में अवैध रूप से हथियार बना और बेच रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक निरंजन पाण्डेय ने तुरंत चार अलग–अलग टीमों का गठन किया। टीमों ने दो ठिकानों पर एक साथ दबिश दी, जहां तैयार हथियार, टूल लगाने के औजार और बिक्री के लिए रखा गया स्टॉक मिला।

औजार बनाता इनका पुश्तैनी काम है। इस बस्ती में कई सालों से बड़े चाकू और तलवार बनाए जा रहे हैं। इनकी बिक्री भी हो रही है, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं थी। हाल ही में हुई कुछ घटनाओं में बदमाशों ने बापू नगर बस्ती निवासी चंदन विश्वकर्मा और बुर्जेश विश्वकर्मा से धारदार हथियार लेना कबूल किया जो पुलिस को इसकी जानकारी हुई कि थाने के बाजू में ही हथियार बनाए जा रहे। यह हैं। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

लाइसेंस नहीं, लेकिन पूरा स्टॉक तैयार दबिश के दौरान आरोपियों से हथियार रखने और क्रय–विक्रय का लाइसेंस मांगा गया, लेकिन कोई भी पेश अनुमति या दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद थाना कमलानगर में दोनों के खिलाफ धारा 25 और 28 (1–1) आर्म्स एक्ट के तहत अलग–अलग प्रकरण दर्ज किए गए।

हथियारों के औजार भी जब्त

थाना कमला नगर के बाजू में ही बस्ती है, जहां से पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है।

नेशनल हेराल्ड केस : भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी गिरफ्तार

बैरिकेडिंग पर प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसले के बाद राजधानी भोपाल में कांग्रेसी बुधवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया गया।

कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें

गिरफ्तारी के बाद नीतू का इस्तेमाल, पिंटू बस को घेरा

कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक अग्रवाल ने तीखा हमला बोला।

भोपाल में मांस से भरा ट्रक पकड़ा गया, हिंदू संगठनों का हंगामाय पुलिस ने लिए सैंपल

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में बुधवार देर रात गोश के पैकेटों से भरा एक ट्रक पकड़े जाने से सनसनी मच गयी। यह घटना मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय (एमपीएचक्यू) के सामने हुई करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मांस मिलने की सूचना पर हड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की। आशंकित भीड़ ने ट्रक में तोड़फोड़ भी की। जानकारी के अनुसार हिंदू संगठनों का आरोप है कि ट्रक में पैक किया गया मांस पीनाज है, जिसे हैदराबाद और मुंबई के रास्ते विदेश भेजने की तैयारी थी। संगठन के कार्यकर्ता का कहना है कि उन्हें पैरे कई दिनों से एक खतरनाक कारोबार में संदिग्ध मांस की कटाई और पैकिंग की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी आधार पर कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका और तलासी ली।

घटना की जानकारी मिलते ही जहांगीराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने भीड़ को समझाइश देकर शांत करवाया। ट्रक से मिले मांस के सैंपल जांच के लिए पशु चिकित्सालय में सुरक्षित रखवाए गए हैं, ताकि मांस के प्रकार की पुष्टि की जा सके।

इस दौरान संगठन के सदस्यों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है, जबकि एक अन्य संदिग्ध के मौके से फरार होने की बात कही जा रही है। हिंदू जागरण समिति के जगदीश चंद्रशेखर तिवारी ने आरोप लगाया कि यह एक संगठित मांस तस्करी का मामला है और इसमें बड़े बड़े नेटवर्क के शामिल होने की आशंका है।

उन्होंने मांग की है कि मामले में तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए तथा मांस तस्करी के मास्टरमाइंड तक पुलिस पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छात्र का वीडियो वायरलरूआरजीपीवी की सेमेस्टर परीक्षा में खुलेआम नकल,

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के बीटेक सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान खुलेआम नकल सामने आई है। छात्र परिसरों के साथ परिसर तक पहुंचे। टॉयलेट्स में नकल की पर्चियां का ढेर मिला। भवकर की पहाड़ में सारी तरफ पर्चियां बिखरी दिखीं, जबकि प्रशासन का दावा है कि 14 दिन में किसी तरह नकल प्रकरण दर्ज हुए हैं। इसी दौरान एक छात्र ने 15 दिसंबर को वीडियो वायरल कर उत्तर पुस्तिका गलत तरीके से लिए जाने और भवन की जर्जर हालत का आरोप लगाया था। वीडियो बनाने वाले छात्र पर भी नकल का मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया गया है। प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया ने कहा कि जिस भवन में परीक्षा हो रही थी

विधानसभा में मंत्री बागरी ने किया स्पष्ट: मोहन सरकार में कानून सबके लिए बराबर, कार्रवाई होगी

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

भाई–बहनोई की मांगा तस्करी के मामले में गिरफ्तारी को तैयार राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्पष्ट कहा कि इस मामले में न तो उन्हें पूर्व जानकारी थी और न ही वे किसी तरह का हस्तक्षेप कर रही हैं। बागरी ने मीडिया से कहा कि जो भी व्यक्ति गलत काम करेगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में कानून सबके लिए बराबर है।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

भोपाल। दो बार के ओलंपियन और मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने नया कीर्तिमान रचा है। भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप (राइफल) में ऐश्वर्य ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन राउंड में 587-600 अंक हासिल किए। इसके बाद फाइनल मुकाबले में उन्होंने 470.5 अंक अर्जित कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

एसआईआर विधानसभा की गौरवशाली यात्रा के दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी शुरू

पक्ष-विपक्ष मिलकर विकसित मप्र के साझा संकल्प और भविष्य की तय करेंगे दिशा ,सीएम

विधानसभा के इतिहास और प्रदेश के विकास पर आधारित है विशेष सत्र पर लगी प्रदर्शनी

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विधानसभा के स्थापना दिवस पर विशेष सत्र के माध्यम से अतीत की गौरवशाली संसदीय लोकतांत्रिक परंपराओं की स्मृतियां जीवंत हो रही हैं। इस विशेष सत्र में पक्ष–विपक्ष मिलकर वर्ष 1956 से लेकर अब तक के विधानसभा की यात्रा का पुनरावलोकन करने के साथ–साथ विकसित भारत 2047 और विकसित मध्यप्रदेश के साझा संकल्प और भविष्य की दिशा तय करेंगे।

डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 70 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा परिसर में लगाई गई एक दिवसीय प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

विशेष सत्र के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी

सीएम ने विशेष सत्र के आयोजन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष एवं विधानसभा सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रगान मनुभाई पटेल के विधानसभा आगमन पर उनकी अगवानी की।

प्रदर्शनी में योजनाओं व विकास का प्रदर्शन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मध्यप्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पन्नों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अन्त्योदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्षों पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभकिया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंत्री, विधायक उपस्थित थे। प्रदर्शनी में विधानसभा के 70 वर्षों की यात्रा को दर्शाती दुर्लभ तस्वीरें और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं कार्यों दिखाए गए।

ठंड का असर केंद्र की एडवायजरी

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल

प्रदेश में ठंड का असर तेजी से बढ़ने लगा है। दिसंबरदूजनवरी के दौरान संभावित शीतलहर को देखते हुए केंद्र सरकार ने एडवायजरी जारी की है, जिसके बाद मध्य प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है, जबकि दिन और रात के तापमान में करीब 21.1 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया जा रहा है। इसे देखते हुए हाइपोथर्मिया को मेडिकल इमरजेंसी घोषित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कॉलेजों के डीन, सीएमएचओ और सिविल सर्जनों को स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। ये निर्देश राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की गाइडलाइन एडवायजरी के आधार पर जारी किए गए हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष ष कृष्ण पक्ष,14- 2082 सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 18 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

दांगी स्टेट में चोरों का धावा कुत्तों के भौंकने से भागे

सीहोर। शहर की पास कालोनी दांगी स्टेट में मंगलवार-बुधवार की रात चोरों ने वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लेकिन कालोनी के कुत्तों के भौंकने के कारण वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और वहां से भाग निकले। हालांकि उनकी मौजूदगी वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। बुधवार को कालोनी के लोगों ने थाना कोतवाली को आवेदन देकर रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है।

नगर के कोलैयुत बीवाड़ा के आगे स्थित दांगी स्टेट कालोनी में देर रात चोरों ने वारदात को अंजाम देने की नियत से कुछ घरों की रैकी की। उसी समय वहां कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया, जिससे लोगों की नींद खुल गई। जब तक वे बाहर आ पाते, चोर वहां से रफूचक्कर हो गए थे। कालोनी के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की करतूत कैद हो गई। इसके बाद कालोनीवासियों ने थाना कोतवाली पहुंचकर रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कालोनी के ही मंदिर से भी चोर दानपेटी साथ ले गए थे, जो कुछ दूरी पर खाली पड़ी मिली थी। इस वारदात के आरोपी भी अब तक पुलिस के हाथ नहीं चढ़ सके हैं।

मिड घाट के पास सड़क हादसा, दो युवक गंभीर

बुदनी। क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 5.30 बजे मिड घाट के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राम (उम्र 28 वर्ष), निवासी डोबाडोगरी रूपेश (उम्र 20 वर्ष) शामिल हैं। हादसे के बाद से दोनों घायलों को तत्काल बुदनी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को होशंगाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों में से एक युवक के पैर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बकरी और जेवरात ले उड़े चोर

बुदनी। वर्धमान चौधरी कॉलोनी में सोमवार-मंगलवार रात चोरों ने घर सूने घरों को निशाना बनाया। ताले तोड़कर चोर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। एसडीओपी रवि शर्मा के अनुसार एक घर से करीब 2 हजार, दूसरे से 30 हजार रुपए नकद और तीसरे घर से जेवरात चोरी हुए हैं। खोये घर से चोरी गए सामान की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

भाजपा नेता उमेश ताम्रकार का निधन

आष्टा। नगर के समाजसेवी और भाजपा नेता उमेश ताम्रकार का बुधवार को निधन हो गया। वे स्व. पुष्प कुमार ताम्रकार काकाजी के पुत्र हंस कुमार के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागरी शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह भैरवा, पूर्व पार्षद रवि सोनी, पार्षद रवि शर्मा, बन्नू भट, व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौड़, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत सिरी, मनीष पालीवाल, लखन मुकाती, अनिल सोनी, आनंद खंडेलवाल, ने भी अंतिम यात्रा में भाग लिया।

बैठक कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा सुधार की तहसीलवार समीक्षा की

राजस्व प्रकरणों में लापरवाही, अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ,कलेक्टर

डीआर संवाददाता>>सीहोर

कलेक्टर बालगुरू के ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में जिले की राजस्व व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिकों से जुड़े राजस्व कार्यों का समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्शा सुधार, अभिलेख दुरुस्ती एवं अन्य लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तय समय में लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और हर प्रकरण की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। कलेक्टर बालगुरू के ने कहा कि सीमांकन और भूमि विवादों से किसानों और ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांकन प्रकरणों में राजस्व टीम बनाकर समय-सीमा में स्थल निरीक्षण एवं कार्यवाही पूरी की जाए।

कार्यदक्ष के साथ सकारात्मक व्यवहार किया जाए, उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को विनम्रता बनाए रखने और प्राप्त आवेदनों व शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कहा कि हर आवेदक के साथ सहयोगपूर्ण व सकारात्मक व्यवहार किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर राजाजी सीहोर राजस्व अभिलेखों के डिजिटलीकरण और ऑनलाइन सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को राजस्व सेवाओं का लाभ सरल और गारंटीपूर्ण तरीके से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए व राजस्व अधिकारियों की सक्रिय बैठक ऑनलाइन आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर गुंजन सिंह, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र पल्लव सहित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

सोयाबीन का भुगतान करावे को कहा

कलेक्टर ने भू-अर्जन, मुआवजा वितरण, अधिग्रहण एवं भूमि पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने सोयाबीन भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन बेचकर उसकी पहचान किसानों का लंबित भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके परिश्रम का समय पर मूल्य मिलना आवश्यक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चल आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनाएं जाएं, ताकि लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

हाईवे पर तेज रफ्तार ट्राला पलटा, चालक की दबने से मौत

डीआर संवाददाता>>जावर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर सड़क से गंभीर हादसा हो गया। बुधवार करीब 5-6 बजे थाना जावर क्षेत्र अंतर्गत पटेल ढाबे के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब सीमेंट से भरा एक भारी भरकम ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्राले का पूरा वजन केबिन पर आ गिरा और चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्राला अत्यधिक रफ्तार में था। अचानक सड़क किनारे मिट्टी धंसने से चालक का संतुलन बिगड़ गया, इससे पहले कि वह वाहन को संभाल पाता, ट्राला पलट गया। पलटते ही सीमेंट के बोरे केबिन पर आ गिरे। केबिन बुरी तरह पिचक गया और चालक उसमें फंसकर रह गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

क्रेन की मदद से निकाला

सीमेंसुनना मिलते ही थाना जावर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, लेकिनट्राले में भरा सीमेंट और वाहन का वजन इतना ज्यादा था कि चालक तक पहुंचना आसान नहीं था। क्रेन की मदद से ट्राले को सीधा किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

परिवार का इकलौता सहारा: मृतक की पहचान गोविंद राम पिता पापलू उम्र करीब 25 से 30 वर्षनिवासी ग्राम सरातिया थाना मेऊदा जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। गोविंद राम वैवाहिक रो इंदौर की ओर सीमेंट लेकर जा रहा था। वह परिवार का इकलौता सहारा बताया जा रहा है। मौत की खबर मिलते ही राजस्थान स्थित गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। हादसे के चलते इंदौर-भोपाल हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। मिट्टी धंसने से हुआ

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया ट्रेन स्टॉपेज का आश्वासन

डीआर संवाददाता>सीहोर

बीते लंबे समय से सीहोर के नागरिक सीहोर रेलवे स्टेशन पर अन्य ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग कर रहे हैं, सीहोर में कुबेरेश्वर धाम पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसके साथ ही, मढ़ी रोहिला में मिठाईयों को भी अच्छी बिक्री प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक सत्रारंभ आते हैं, लेकिन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण अनेक लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, अगर सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज होगा तो उसे रेलवे विभाग को भी राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी, इन्हीं सभी मांगों को लेकर सीहोर के वरिष्ठ भाजपा सांसद, पंकज सोनी, पंकज सहित अन्य गणमान्य नागरिकों नागरिकों ने भोपाल सीहोर सांसद डालोक शर्मा को ट्रेन स्टॉपेज करने हेतु मांग पत्र सौंपा था, इसी मांग पत्र को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर भोपाल सांसद डालोक शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और सीहोर के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की मांग रखी, सीहोर रेल मंत्री ने भी सीहोर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज का आश्वासन दिया है।

भक्ति में लीन होकर जसपाल सिंह अरोरा भजनों पर थिरके, व्यास पीठ का भी किया पूजन

डीआर संवाददाता> श्यामपुर

सीहोर विधानसभा क्षेत्र के श्यामपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भक्ति भजन के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया तो वहीं भक्ति में लीन होकर भजनों पर थिरकते भी नजर आए।

इस दौरान अरोरा ने व्यास पीठ पर विराजमान प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित गोविंद जाने जी का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया तो वहीं व्यास पीठ की पूजा अर्चना भी की। श्री अरोरा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने मात्र से ही व्यक्ति के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही दुनिया का सबसे श्रेष्ठ धर्म है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए ऐसे आयोजनों का होना भी बेहद जरूरी है। सीहोर की धरती ही धार्मिक आयोजनों के लिए विश्व विख्यात है। इस दौरान अरोरा ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर रहे भक्तीधाम परिवार का भी साधुवाद किया एवं आभार भी प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लगातार होते रहें, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहे तो वहीं हमारी आने वाली युवा पीढ़ी भी ऐसे आयोजनों में शामिल होकर सनातन धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाए।

सरिया-सीमेंट कारोबारी पर जीएसटी का छापा स्टॉक, दस्तावेज मिलान के साथ कम्प्यूटराइज्ड रिकॉर्ड की जांच

डीआर संवाददाता>> मैरुंदा

सीहोर शहर के बिजली घर चौराहा स्थित सरिया एवं सीमेंट कारोबारी के सोमवार मध्यप्रदेश मामलों पूर्व पहले के प्रतिष्ठान पर बुधवार दोपहर स्टेट जीएसटी टीम ने छापा मारा। भोपाल से आई इस टीम में एक दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल थे, जिनमें महिला अधिकारी भी मौजूद थीं।

टीम दोपहर से प्रतिष्ठान पर पहुंची और वहां मौजूद सीमेंट व सरिया के स्टॉक की जांच शुरू की। इसके साथ ही, टीम कारोबार से संबंधित बिल, वाउचर, खरीद-बिक्री रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन कर रही है।

इस कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान पर कुछ समय के लिए सामान्य व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। सूत्रों के मुताबिक, जीएसटी टीम द्वारा टैक्स से संबंधित अनियमितताओं की जांच की जा रही है। जांच के दौरान अधिकारियों ने स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान किया, साथ ही कम्प्यूटराइज्ड रिकॉर्ड की भी पड़ताल की। कार्रवाई को लेकर गोपनीयता बनाए रखी गई है, और टीम के अधिकारी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने से बचते नजर आए। जीएसटी विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य व्यापारियों में भी हलचल देखी गई।

स्टेट जीएसटी टीम के कुछ सदस्य प्रतिष्ठान संचालक के बेटे को अपने साथ एनडी गए और अन्य स्थानों पर जांच के लिए ले गए हैं। इन जगहों पर भी पड़ताल जारी है।

खबर लिखते जाने तक जांच में किसी प्रकार की कोई अनियमितता सामने आने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। जीएसटी टीम की जांच देर शाम तक जारी रहने की संभावना है। बताया जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही विभाग की ओर से स्थिति स्पष्ट की जाएगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत-2 बिजली कंपनी ने ठेकेदार पर लगाया 1 लाख 46 हजार का जुर्माना

डीआर संवाददाता>> पैकाया

अमृत-2 योजना के तहत सीहोर में बन रही पानी की टंकियों के निर्माण में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। गुजरात राज्य सेतु परिवहन उपयोग पर बिजली विभाग ने 1 लाख 46 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई शिकायत मिलने के बाद की गई।

नगर पालिका क्षेत्र में कुल 9 पानी की टंकियां बनाई जा रही हैं। जांच के दौरान पता चला कि गंज बसहरा मैदान और कलेक्टर बंगले के पास बालविहार मैदान में बन रही टंकियों के लिए न तो स्थायी और न ही अस्थायी बिजली कनेक्शन लिया गया था। इसके बावजूद निर्माण स्थल पर वेल्डिंग और अन्य मशीनें धड़ल्ले से बिजली से चलाई जा रही थीं।

बिना अनुमति बिजली उपयोग कर रहा था ठेकेदार

हैरानी की बात यह है कि यह निर्माण कार्य साल 2023 से चल रहा था और ठेकेदार पिछले दो साल से बिना अनुमति बिजली का इस्तेमाल कर रहा था। इस दौरान बिजली विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे हैं।निर्माण स्थलों पर बाहर से आए मजदूर लंबे समय तक काम करते हैं। बिना वैध बिजली कनेक्शन के काम करने से मजदूरों की जान को खतरा बना हुआ था। बिजली विभाग ने कार्रवाई करते हुए बालविहार मैदान की टंकी पर 65,000 रुपये, पैकाइयूटी के पीछे बनी टंकी पर 51,450 रुपये और गंज टंकी पर 30,370 रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने साफ किया है कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी और नपाध्यक्ष ने किया सैनिकों का सम्मान, जिनके बलिदान से देश सुरक्षित है, राष्ट्र के ऐसे वीर सपूतों का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य

डीआर संवाददाता>>सीहोर

हमारे क्षेत्र में कई जवान हैं जिन्होंने देश के लिए कुर्बानी दी है। उनके बलिदान से देश सुरक्षित है। ऐसे राष्ट्र के वीर सपूतों का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। यह बात शहर के शहीद स्मारक स्थल पर देर शाम आयोजित एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी और नगराध्यक्ष प्रिंस राठौर के संयुक्त प्रयास से विजय दिवस पर हुए शाम शहीदों के नाम सम्मान कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर विनायक वशिष्ठ ने कहा कि भारतीय जवानों और उनके परिवारों की तरह से नगर पालिका का धन्यवाद ज्ञापित करता चाहता हूं। नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि क्षेत्र के कई सैनिक अपनी कर्तव्यपरायणता, कर्तव्य, अनुभव और विवेक का प्रयोग राष्ट्र, समाज और गौरवशाली सेनानियों के परिवारों के कल्याण और उत्थान में कर रहे हैं। वह देश, प्रदेश और हम सबके लिए गर्व की बात है। भविष्य को दिशा और दशा तय करते हैं युवा

उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र और समाज के वास्तविक कर्णधार होते हैं। वे भविष्य की दिशा और दशा तय करते हैं। राष्ट्र की प्रगति, न्यायपथ और परिवर्तन में सबसे बड़ी शक्ति इन्हीं में निहित होती है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी सेनाएं आधुनिक तकनीक, हथियारों और उच्च मनोबल के साथ राष्ट्र की रक्षा में पूरी मुस्तैदी से खड़ी हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। शहर के शहीद स्मारक स्थल सैकड़ाखेड़ी चैक पर हुए शाम शहीदों के नाम भारतीय सेना विजय दिवस और शहीद कुंवर चैन सिंह सनकरेत का आयोजन किया जा रहा है। देश भक्ति गीत, नृत्य व राष्ट्रगान

मेजर सुरेंद्र खरगोन, कैप्टन प्रसाद और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने 16 शहीदों के परिजन को पदक और स्मृति चिन्ह के अलावा 66 सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर देश भक्ति गीत, नृत्य और राष्ट्रगान किया गया।

अब सर्दी से पड़ा पाला, पारा 3.9 डिग्री

डीआर संवाददाता>सीहोर

ठंड ने आखिर असर दिखा दिया। बीती रात सीजन का सबसे कम तापमान 3.9 डिग्री दर्ज हुआ। यह बीते दिन से 1.5 डिग्री कम रहा। अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री रहा। ठंड इतनी तेज रही कि लोगों के हाथ तक कांप उठे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में शीतलहर की चेतावनी दी है। इससे जिले में सर्दी — और बढ़ेगी। तापमान और गिरा तो — पाला पड़ सकता है। ठंड का असर फसलों पर भी दिखने लगा है। आलू, सब्जियां और तुअर की फसल प्रभावित होने लगी है।

सुबह के समय कोहरा छाया रहा।

शीतलहर के असर से तापमान में तेजी से गिरावट होगी। हवा का रुख उत्तरी होने से पाले की संभावना बन रही है। ऐसे में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉ. सत्येंद्र सिंह

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर मार्गशीर्ष ष कृष्ण पक्ष,14- 2082 सीहोर,दिन गुरूवार,दिनांक 18 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

भैरूंदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने सुनील गोलिया

भैरूंदा। भैरूंदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं के बीच कांग्रेस पार्टी ने सुनील गोलिया को भैरूंदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकीब गुजरती की अनुशंसा पर की गई। सुनील गोलिया पिछले लगभग 25 साल से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं।

वनकर्मियों के हित सर्वोपरि, चेतन आर्य का सम्मान

सीहोर। सोरी वन परिक्षेत्र इछावर में वनकक्ष आवास प्रांगण में सम्मान समारोह और भजन संध्या हुई। कार्यक्रम में गढ़ वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव चेतन कुमार आर्य का सम्मान किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सम्मान ग्राम सोरी, बारसवाड़ा, दीपाखेड़ा और रागवारी के ग्रामीणों और वन अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया। समारोह की शुरुआत मदन गोपाल रांदखाल वर्मा ने गणेश गणेश की वंदना से की। चेतन कुमार आर्य ने सभी का आभार जताया। कहा, वनकर्मियों का हित सबसे पहले सबसे जरूरी है। उन्होंने बताया कि संघ की जिम्मेदारी को पूरी तत्परता से निभाएंगे। सभी का सहयोग लेकर प्रांतीय स्तर की रणनीति पर काम करेंगे।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

सीहोर। मध्यप्रदेश के सिवनी में आगामी 22 से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लेकर शहर के मर्च मैदान पर बने स्टेडियम में कोच आनंद पसोरिया के मार्गदर्शन में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतियोगिता में चयनीत 16 खिलाड़ियों के अलावा अन्य को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस संबंध में कोच श्री पसोरिया ने बताया कि लंबे समय से यहां पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के द्वारा अलेख प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पांच बालिका और 11 बालक का चयन किया गया है। टीम सीहोर से 21 को सिवनी के लिए रवाना होगी।

ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला में साक्षी को पहला स्थान

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सीहोर द्वारा 14 से 21 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है।बुधवार को महाविद्यालय वृत्त कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें जिले के कई स्कूलों से आए 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को अपनी चित्रों में दिखाया। निर्णायकों ने कला कौशल, विषय की समझ और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कक्षा 6वीं की साक्षी मालवीय ने पहला स्थान पाया। 6वीं के मोहित मालवीय को दूसरा और 8वीं की पूनम प्रजापति को तीसरा स्थान मिला।

कथाएं

आष्टा जनपद का ग्राम मैना मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत होगा विकसित

बैठक में गांव को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना

डीआर संवाददाता>>आष्टा

जनपद पंचायत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की एवं वृंदावन ग्राम मैना के सम्पूर्ण विकास एवं ग्राम को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्य योजना बनाई गई।

विधानसभा क्षेत्र का ग्राम मैना को मुख्यमंत्री वृंदावन योजना में चयन किया गया है। अब इस ग्राम मैना का सम्पूर्ण विकास इस योजना के तहत होगा। इसको लेकर जनपद पंचायत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की एवं वृंदावन ग्राम मैना के सम्पूर्ण विकास कर आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्य योजना बनाई गई। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि लोटू गुप्तानन, एसडीएम, सीईओ विशेष कार्य से, परियोजना से। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी कॉमन जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में आष्टा विधानसभा का ग्राम मैना को चुना गया है। अब हमारा ये ग्राम मैना आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की इस योजना के अंतर्गत ग्राम के विकास एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, खाद्यान्न विकास, अवसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित उपयोगी विकल्प के हियरगत बुनियादों से संबंधित गतिविधि कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया किआज्ञाकारी शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें जो शांति से आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन ग्रामीण ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और बहुमुखी विकास की ओर अग्रसर हों।

इस व्यापक योजना में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौसंवर्धन एवं अन्य दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आत्मनिर्भरता से सम्मिलित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो और ग्राम शुभ्रदाकार के रूप में साकार हो सकें। व्यापक वृन्दावन ग्राम मैना में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना है, वे 6 श्रेणियों में होंगी। वर्तमान वृन्दावन ग्राम में आधारभूत के लिए गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आँगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, ई पुस्तकालय, सर्वसुविधायुक्त आजीविका भवन कार्यक्रम आजीविका के लिए कार्यशेड, पशु चिकित्सालय, ग्राम तक कनेक्टिविटी, ग्राम के अंतर्गत आवासित सड़कों नाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं गोदाम, तर घर जल (सोलर ड्रायर आधारित पम्प के माध्यम से), ग्रामीण उद्योग आधारित आर्ट एण्ड क्राफ्ट सेंटर, वायोगैस संयंत्र, शौचालय निर्माण, गौ समाधि स्थल, सेनीटेशन शेड, जल निकासी के लिए नाली, कृषिक गतिविधान केन्द्र, ग्राम में विद्युत प्रवाह के लिए सौर ऊर्जा एवं गैर परम्परागत ऊर्जा क्षेत्र में विकास, पात्र परिवारों के लिये जलवायु अनुकूल आवास तथा (माध्यमिक शिक्षालय), सार्वजनिक उद्यान (पार्क), सार्वजनिक शौचालय, सिंचाई स्रोत विकास एवं ड्रिप एरीगेशन सीआरटा

राधिका उपवन करारी करोड़ी। आजीविका संबंधी गतिविधियों में नवल कलोचन, पोल्ट्री मार्केट, दूध कलेक्शन सेंटर, लघु व्यापार आधारित लघु उद्योग, कृषि फल उपज आधारित उद्योग, गान में उपलब्ध औजार आधारित सेवाओं के विकास की सुविधा उपलब्ध कराये कार्यशेड।

फर्जीवाड़े पर तीसरी आंख का पहरा जिले की मंडियों में किसानों की वीडियोग्राफी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण भावांतर भुगतान योजना में सेंध लगाने वाले बिचौल और कागजी किसानों पर अब जिला प्रशासन ने डिजिटल पहरा लगा दिया है। कलेक्टर बालमुरुगन के के निर्देशों के बाद जिले की कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन बेचने आ रहे हर किसान और उसकी उपज की वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है। जिला मुख्यालय स्थित मंडी में इसिमुनि की पहलकदमी के दौरान यह हकीकत सामने आई कि अब किसान को अपनी उपज बेचने के लिए केवल कागजात ही नहीं, बल्कि जमीन के सामने खड़े को भी साबित करना पड़ेगा।

बता दें जिले में भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए विचौलियों ने एक नया तरीका इजाद किया था जिसे रिलाइजिंग कहा जाता है। इसमें कम दाम पर खरीदे गए पुराने सोयाबीन को फर्जी तरीके से किसी किसान के नाम पर दोबारा मंडी में लाते थे। जिससे पीछे पहरेदार था सरकार से मिलने वाली

सीहोर। भावांतरण योजना का लाभ लेने वाले किसानों की कराई जा रही वीडियोग्राफी।

भावांतर राशि और बाजार मूल्य का अंतर को हड़पना।

27 करोड़ का हो चुका भुगतान

बता दे जिले में कुल 3 लाख 40 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन की बोनी की गई है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए 68 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि अब तक 40 हजार किसान अपनी उपज भावांतर के तहत मंडियों में ला चुके हैं। इनमें से 24 हजार किसानों को भावांतर की राशि मिल चुकी है।

जिले के किसानों के बैंक खातों में अब तक 27 करोड़ रुपए की भावांतर राशि भेजी जा चुकी है।

15 जनवरी आखिरी तारीख

कलेक्टर ने केवल मंडियों तक ही सख्ती सीमित नहीं रखी है, बल्कि नोडल अधिकारियों को व्यापारियों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए हैं। यदि किसी मंडी में आवक प्रमाणक से अनुमान से ज्यादा बढ़ती है तो वहां की जांच की

वीडियोग्राफी ने बिगाड़ा खेल

इसलिये मंडियों में कराई जा रही वीडियोग्राफी ने फर्जीवाड़े का खेल बिगाड़ कर रख दिया है। वीडियोग्राफी के पीछे जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आने वाला व्यक्ति वास्तव में किसान है या कोई और वह कैमरे में कैद हो रहा है।

विद्यालय की मेधावी बालिकाओं का सम्मान, योजनाओं व कानूनों की दी गई जानकारी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका विकासानुभूत में सुधार एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार जनपद महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी शालेय स्तरे के मार्गदर्शन में बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं का व्यापक

प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जावर तहसील अंतर्गत राई पब्लिक स्कूल में बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की दीपक विद्यालय की कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

मंत्री शाह की टिप्पणी का महिला कांग्रेस ने किया विरोध

डीआर संवाददाता>>आष्टा

मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी को लेकर बुधवार को महिला कांग्रेस ने विरोध जताया। जिला अध्यक्ष मुन्नाबाई ठाकुर के नेतृत्व में महिलाओं ने राजपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसील कर्मचारी रूक्मेश पंवार को ज्ञापन दिया गया। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष रेणा बोरासी के

निर्देश पर की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि मंत्री विजय शाह पहले भी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। अब उन्होंने कहा कि लाडली बहना अवार मुख्यमंत्री का सम्मान नहीं करेंगी तो उनकी मासिक राशि नहीं बढ़ाई जाएगी। पात्रता की जांच भी कराई जाएगी। महिला कांग्रेस ने इसे महिलाओं का अपमान बताया। कहा कि यह लोकतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है। महिला कांग्रेस ने मांग की कि मंत्री विजय शाह को पद से हटाया जाए। चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर पुनाम बाई ठाकुर, राखी सुरेन्द्र पंवार, रानी बी, शाहीन बी, हेमलता चौहान, शाईस्ता बी, तेजकुंवर बाई, नूरजहां, रानीबी बी, बिन्दा बाथे, नर्मदा चौहान, रामसुमन खान, जाहिद गुड्डू, जितेन्द्र शेखावती, रामकाला जांगड़ा, फैज उद्दीन, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

दोराहा के कलीम ,श्यामपुर में शर्मा,और अहमदपुर से ब्लॉक पवन बने अध्यक्ष

डीआर संवाददाता>>दोराहा,अहमदपुर

कांग्रेस ने मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी की। इस सूची में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। इन नियुक्तियों से जिलेभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। जारी सूची के अनुसार, दोराहा ब्लॉक से कलीम पठान को ब्लॉक अध्यक्ष पुनः नियुक्त किया गया है। वहीं श्यामपुर ब्लॉक में जिले से रामनारायण शर्मा व अहमदपुर ब्लॉक की कमान खुशी को सौंपी गई है। अहमदपुर ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुर्मी बलखेड़ा को बनाया गया

है।दोराहा से कलीम पठान अहमदपुर से खान नुर्जर को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा के बाद क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। कई स्थानों पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाइयां देकर हर्ष व्यक्त किया गया। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई है कि यह नई नियुक्तियां संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी और आगामी चुनावों में कांग्रेस की इसकालान निकेगा। वहीं दोराहा में नुम्र कलीम पठान को ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके समर्थकों ने हार पहुर माला पहनाकर स्वागत किया। इधर अहमदपुर में पवन कुर्मी बलखेड़ा को ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर युवाओं ने उन्हें में बधाइयां दी।

पशु आहार और मशरूम यूनिट का किया भ्रमण

रेहटी। शासकीय नवोदय विद्यालय रेहटी के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत उद्योगों की कार्यप्रणाली समझने के लिए भ्रमण कराया गया। छात्र पशु आहार संयंत्र कीरतपुर और मशरूम उत्पादन यूनिट सीलपानी पहुंचे। पशु आहार संयंत्र में प्रबंधक सुनील चौधरी ने उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशु आहार में लोन-कॉन से विटामिन होते हैं और यह बोरे तैयार होता है। इसकी बाद छात्र विक्रम मशरूम यूनिट पहुंचे। वहां संचालक ने मशरूम डीकंपोजर, उत्पादन प्रक्रिया और कम लागत में यूनिट स्थापित करने की जानकारी दी।

दूसरे फाइनल में सीहोर टीम ने बढ़त के आधार पर भोपाल को हराया

डीआर संवाददाता>>सीहोर

विदिशा में खेली जा रही मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए खेली गई जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर डीसीए की टीम ने पहले फाइनल में राजगढ़ और उसके पश्चात दूसरे फाइनल में भोपाल टीम के खिलाड़ियों को अंडर-19 में बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की है। मंगलवार और बुधवार को भोपाल से खेले गए इस मुकाबले में टीम के कप्तान नवनीत सोनी ने 123 रन की विस्फोटक पारी खेलकर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीर वर्मा, कोच

अक्रम दुबाने कदि ने टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टीम का सम्मान कार्यक्रम आगामी दिनों में रखा जाएगा।

डीसीए के सीनियर प्रभारी विवाहु दीक्षित ने बताया कि अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर की टीम ने भोपाल के खिलाफ पहली पारी में 187 रन बनाए थे। इसमें कप्तान नवनीत सोनी ने 123 रन बनाए, दीपेश सेन ने 16 रन और आदित खान ने 13 रन की पारी खेली। वहीं भोपाल टीम 108 रन पर ढेर हो गई। इसमें श्रेयांश ने 55 रन की पारी खेली।

शानदार गेंदबाजी के बल पर 108 रन पर ढेर भोपाल

इधर सीहोर की से गेंदबाजी करते हुए सलमान खानी, नवनीत सोनी, दीपेश सेन ने दो-दो विकेट, वेलवादित्य-देवेन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके पश्चात सीहोर टीम ने दूसरी पारी में 97 रन बनाए थे। इसमें निर्पित ने 49 रन और दीपेश सेन ने 13 रन बनाए। इसके अलावा भोपाल टीम ने चार विकेट खोकर 90 रन बनाए इस प्रकार सीहोर डीसीए की टीम ने बढ़त के हिसाब से यह मैच जीत है।

लिस प्रशासन , कमांडो के जवानों ने नगर की गलियों में किया फ्लैग मार्च

कानून-व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द के लिए आरएएप का परिचय अभ्यास, जनता की सुरक्षा ही सर्वोपरि

डीआर संवाददाता>>सीहोर

बने में शांति, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रोपेड एक्शन फोर्स की 7 बटालियन द्वारा सीहोर जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों परिचय अभ्यास संचालित किया जा रहा है। यह मंगल 16 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसका मुख्य फोकस आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित चुनौतियों से पहले

तैयारी मजबूत करना है।

वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जहीन मार्च परिचय अभ्यास के दौरान आरएएफ की टीमों ने जिले थाना केंद्री का दौरा शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पंवार को पुलिस थाना क्षेत्र क्षेत्र में फ्लैग मार्च कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मीनाक्ष सुथार तथा और थाना प्रभारी मनरूपाम दानी की उपस्थिति ने सामाजिक समन्वय को मजबूती दी। सहायक कमांडेंट की बाद निवास ने बताया कि कमांडेंट जनदीप लाठ बताई जे ग्रुप में दो टीमें सभी थानों में फ्लैग जमीनी स्तर पर आकलन कर रही हैं।

जनता प्रशासन के बीच मेलजोल की जोर

अभ्यास का एक महत्वपूर्ण पहलू। पहलू सिविल प्रशासन स्थानीय पुलिस और रोड के बीच तालमेल को मजबूत करना है। इसके साथ ही राजनीतिक स्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जीवन रक्षक सेवाओं से जुड़ी सूचनाएं भी सकलित की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि इससे संकट की घड़ी में समन्वित कार्रवाई संभव होगी और आम जनता में सुरक्षा एजेंसियों के प्रति भरोसा और गहरा होगा। प्रेस नोट के अनुसार आरएएफ का गठन 7 अक्टूबर 1992 को हुआ था। यहां 9 सामूहिक हिंसा की स्थितियों में त्वरित हस्तक्षेप कर शांति बहाल करना इसका प्रमुख दायित्व है। वर्तमान में 102 बटालियन हिंगोलिया (जिला राजसेन) में तैनात है और सीहोर सहित आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है।

निरीक्षण, कीटनियंत्रण व सूक्ष्म सिंचाई पर दिया मार्गदर्शन

डीआर संवाददाता>>सीहोर

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला सीहोर के सहायक संचालक उद्यान द्वारा विकासखण्ड सीहोर के ग्राम झरखेड़ा में कृषक रमेश चंद्र पाटीदार एवं शिवप्रसाद पाटीदार के खेत पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लहसुन एवं प्याज फसलों की स्थिति का अवलोकन कर रस चूसक कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड एवं थायोमेथोक्जाम की अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करने की सलाह दी गई।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षा- 14,2082 | विदिशा, दिन गुरुवार,दिनांक 18 दिसंबर ,2025

न्यूज गैलरी

गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन आज

विदिशा। भारत सरकार एवं खेल मंत्रालय की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत चाली इंडिया किक बॉक्सिंग के तत्वावधान में 108 अश्विनी जिला स्तरीय गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग 2025–26 का आयोजन गुरुवार को स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत एवं आशुतोष वार्ष्णेय के अतिथ्य में होगा। फाइनल मुकाबले एवं वेटलिफ्टिंग शाम 4 बजे मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगी। आयोजन डिस्ट्रिक्ट करते एवं किक बॉक्सिंग डेवलपमेंट सेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है।

जिला एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री टीम चयन 21 को

विदिशा। 69वें राज्य स्तरीय अंतर जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन 28 दिसंबर को रतलाम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए जिला एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री टीम का चयन 21 दिसंबर को जिला खेल परिसर से रोड रनिंग के माध्यम से किया जाएगा। चयन में 12 से 16 वर्ष बालक–बालिकाओं के लिए 2 किमी, 16 से 18 वर्ष बालक 6 किमी व बालिका 4 किमी, 18 से 20 वर्ष बालक 4 किमी व बालिका 6 किमी तथा 20 वर्ष से अधिक पुरुष–महिला वर्ग के लिए 10 किमी दौड़ आयोजित होगी। खिलाड़ी आधार कार्ड व एएफआई यूआईडी नंबर के साथ सुबह 9 बजे से पहले खेल परिसर गेट पर गोपाल कुशवाह, लक्ष्मीनारायण कुशवाह व मुस्कान अहिरवार से संपर्क कर सकते हैं।

नगर अध्यक्ष बने साहू

विदिशा। मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर रवि साहू की नियुक्ति हुई। रवि साहू की पहचान संघर्ष और ज्वलंत मुद्दों को लेकर रही है।

कॉलेज में तालाबंदी कर

कुरवाई। शासकीय महाविद्यालय कुरवाई आगमन पर रोक लगाने ज्ञापन दिया। जो माहौल बिगड़ रहा था। जिस कारण छात्रों लागू करने की मांग की। छात्रों द्वारा कॉलेज का कहना है की कॉलेज परिसर में बाहर बाहरी लोगों के परिसर के अंदर प्रवेश क

मतान के 9 उम्मीदवारों का प्रशिक्षण संपन्न

विदिशा। सीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत शासकीय आईटीआई विदिशा में मेसन ट्रेड के 9 उम्मीदवारों को रोहू तिवारी ने प्रशिक्षण दिया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से रितु साहू ने योजना की जानकारी दी। संस्था की प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि 18 जॉब रोल के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मछुआरों के लिए केसीसी और पंजीयन शिविर लगा

विदिशा। मछुआरों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सिरोंज तहसील की ग्राम पंचायत महादेवखेड़ी में शिविर आयोजित किया गया। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक महादेव नागले ने बताया कि शिविर में 25 मछुआरों के केसीसी के लिए आवेदन मिले। सभी का एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन भी कराया गया।

साइबर ठगी से बचाव और बचत की समझ दी

विदिशा। लीड बैंक कार्यालय ने शासकीय आईटीआई में साइबर सुरक्षा और वित्तीय

व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर मंडी प्रशासन व जिला प्रशासन से की निराकरण की मांग

मंडी में गंदगी, सुविधाओं का अभाव, व्यापारियों और किसानों की समस्याएं अब भी जस की तस

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

गिर्जापुर स्थित नई गल्ला मंडी एवं पुरानी गल्ला मंडी में व्याप्त गंदगी, अव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर व्यापारियों, किसानों और हम्माल वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारी कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं लेकिन व्यापारियों और किसानों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं जिससे किसानों और व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई।

कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर अनाज शिलालेख व्यापार उद्योग कल्याण संघ ने मंडी प्रशासन एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र स्थाई समाधान की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी एवं महामंत्री महेन्द्र जैन ने बताया कि गिर्जापुर नई मंडी में प्लॉट व गोदामों का निर्माण पूर्ण होने के बावजूद किसानों की उपज न

विदिशा। मंडी की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते

की नीलामी के बाद तौल एवं अन्य समस्त कार्य पुरानी गल्ला मंडी में स्थित दुकानों और गोदामों में कराए जा रहे हैं। इससे दोनों मंडियों पर अतिरिक्त दबाव है, लेकिन इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पुरानी गल्ला मंडी के भीतर ओवरब्रिज के चार लेन के निर्माण के दौरान सड़क, नाली और बिजली के खंभे तोड़े गए थे। निर्माण समिति द्वारा इन्हें पुनः बेहतर रूप में बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस है। ब्रिज के नीचे दोनों ओर गंदगी–कीचड़ की सर्दियों रोड सूखी पड़ी है, जगह–जगह गड्ढे हैं। पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

कृषि उपज मंडी में बारिश में जलभराव से हर साल व्यापारियों को होता है लाखों का नुकसान

ब्रिज के नीचे बीड़े नालों के निर्माण की बात कही गई थी ताकि बारिश के पानी की समुचित निकासी हो सके, लेकिन नालों का निर्माण नहीं हुआ। बारिश का पानी सड़कों से बहकर व्यापारियों के गोदामों में भर जाता है, जिससे हर वर्ष लाखों रुपये की क्षति होती है।

तौल कांटे, लाइट और सफाई पर भी सवाल

संघ ने बताया कि मंडियों में 10–10 टन क्षमता के चार बड़े कांटे लगाने का प्रस्ताव वर्षों से लंबित है। न कांटे लगे और न ही कई कांटे से तौल होने पर हम्मालों–तुलावटी दरें तय हुईं। वहीं दोनों मंडियों में लाइनघर व स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है, जिससे रात में तौल, नाप्रिंग और सुरक्षा को लेकर विवाद व चोरी की आशंका बनी

रहती है। साफ–सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है। मंडी द्वारा नगरपालिका को प्रतिवाह 50 हजार रुपये भुगतान के बावजूद कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

डीपी से हादसे की आशंका मंदिर का निर्माण बाधित

पुरानी मंडी में बड़े लेन के पास सड़क के बीचों–बीच लगी डीपी से ट्रक–ट्रॉलियों के निकलने में दिक्कत हो रही है और हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं नई मंडी गिर्जापुर में मंदिर निर्माण हेतु निर्धारित स्थान के सामने लगी डीपी के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। संघ ने जिला प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर मंडी से जुड़े सभी वर्गों को राहत दिलाने की मांग की है।

चबूतरा तोड़ने पर विवादय दो पक्षों ने किया दावा

गणेश मंदिर की जमीन को लेकर पत्थरबाजी, दो घायल

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मोहनगिरी इलाके में एक पुराने गणेश मंदिर की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाना तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर घायल–112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे।

स्थानीय निवासियों के अनुसार मोहनगिरी क्षेत्र में एक चबूतरे पर वर्षों पुराना गणेश मंदिर स्थित है। इसी चबूतरे की भूमि को लेकर पास में रहने वाले रघुवंशी परिवार और मोहल्ले के लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। रहवासियों का आरोप है कि पूजा–अर्चना के दौरान अक्सर लड़ाई–झगड़े होती रहती हैं। रविवार को भी इसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते पत्थरबाजी में बदल गया। आरोप है कि रघुवंशी परिवार की ओर से छत से पत्थर फेंके गए, जिसके जवाब में मोहल्ले के लोगों ने नीचे से पथराव किया। वहीं रघुवंशी परिवार का कहना है कि मंदिर उनकी निजी भूमि पर बना है और जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम है। परिवार की ओर से युवकों ने आरोप लगाया कि मोहल्ले के लोग मंदिर निर्माण कर रहे थे और हरिवल्लभ बाथरे के चबूतरे को तोड़ रहे थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया, जिसमें वह और उनके पिता घायल हो गए। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जमीन के वास्तविक स्वामित्व की पुष्टि के लिए प्रकरण राजस्व विभाग को भेजा जाएगा। भविष्य में शांति बनाए रखने के। दोनों पक्षों के खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है।

हरी घास में जमी ओस की बूंदों से निखारी माधव उद्यान की खूबसूरती

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कुवार को न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम में लगातार ठंडक बढ़ रही है। सुबह के समय माधव उद्यान की हरी घास पर जमी ओस की बूंदों से वहां की खूबसूरती निखर गई है। फूलों के पौधों और पत्तों पर भी ओस की बूंदें जमी नजर आईं।

नगरपालिका वहां करीब 50 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण का काम शुरू करने जा रही है। पिछले वर्ष और बटउड़ीघाट का काम 80 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। जिला प्रहरी एवं विभाग अभियंता के अधिकारी जाकिर खान ने बताया कि नगरीय निकाय के अंतर्गत छोटी जल योजनों को संरक्षित करने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है।

राम पहाड़ी धाम पर शिव–पार्वती विवाह प्रसंग, गूंजा हर–हर महादेव

डीआर संवाददाता ▶▶ मांगुल

राम पहाड़ी धाम पर चल रहे नौ दिवसीय राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका श्री मानस मंजरी उमा देवी ने शिवपार्वती विवाह प्रसंग को भावपूर्ण और प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या, माता पार्वती की अटूट श्रद्धा और देवताओं की भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही शिव विवाह का प्रसंग आया, पूरा पंडाल हर–हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।

मलेरिया कार्यालय में 11 कर्मचारी गैरहाजिर मिले, वेतन कटेगा

विदिशा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव ने बुधवार को बुधवार शुबह शहर के कई स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे उन्होंने क्रीचखेड़ा स्थित प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र, दीलाखेड़ी की सीएचसी, कलेक्टोरेट और जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर कर्मचारी समय पर मौजूद मिले। सभी अपने–अपने स्थान में लगे थे। परिसर साफ–सुथरा मिला। मरीजों को दी जा रही सेवाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई। इसके बाद 12.30 बजे डॉ. कुमार मलेरिया कार्यालय पहुंचे। यहां गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के समय केवल एक कर्मचारी मौजूद था। बाकी 11 कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। इस पर सीएमएचओ ने नाराजगी जताई। अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और उस दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। डॉ. कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

50 वर्ष पूर्व के रामलीला पात्रों का किया सम्मान

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

मालवा शाला चौबारा में श्रीराम सेवा सत्संग समारोह श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। समापन अवसर पर सत्संगी बलराम शरण महाराज ने श्रीहनुमान महाराज के बचपन का सजीव वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के आदर्श चरित्र और गुणों को विस्तार से बताया। महाराज ने कहा कि श्रीराम मर्यादा, त्याग और करुणा के प्रतीक हैं। लक्ष्मण त्याग, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के उदाहरण हैं। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा समापन के बाद रामलीला सेवा दर्शन समिति ने 50 वर्ष पूर्व रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों का सम्मान किया। श्रीराम की भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय सुरेश शर्मा के प्रतिनिधि के रूप में जानकी जी रविकांत शर्मा को सम्मानित किया गया। जानकी जी की भूमिका निभाने वाले रविकांत शर्मा का सम्मान डॉ. सुबुद्ध मिश्रा ने किया।

लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले राजकुमार दुबे का सम्मान हुआ। भरत की भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय मुकेश शर्मा के प्रतिनिधि राजदीप शर्मा को रामलीला सभा के मंत्री सुरेश शर्मा शास्त्री ने सम्मानित किया। शकुन की भूमिका निभाने वाले गजानन शर्मा के प्रतिनिधि मनोज आचार्य को सीता मंत्री मनोज शर्मा और मालवीय सचिव अनिल शर्मा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद संगीतमय श्रीहनुमान चालीसा पाठ, हवन और भंडारे का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मेला समिति सदस्य कैलाश नारायण शर्मा, राजेश पुरोहित, नारायण प्रसाद शर्मा, रवि चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संचालन मनोज नारायण शास्त्री ने किया।

ठेकीनाथ की पहाड़ी पर तेंदुए ने बछड़ पर किया हमला, ग्रामीणों में दहशत

ग्यारसपुर। क्षेत्र की ठेकीनाथ पहाड़ी और बालवाड़ा के जंगलों में तेंदुए की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। स्थानीय के गोपाल सिंह अहिरवार ने बताया कि तेंदुए ने एमपीई दो गाय के बछड़ों पर हमला किया, एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर–शराबे से तेंदुआ भागा। पिछले एक सप्ताह से तेंदुआ लगातार जंगल और आस–पास के क्षेत्र में विचरण करते हुए देखा जा रहा है। शाम के समय गायें तो बाहर नियंत्रण में रहें हैं, बच्चों और किसानों सुरक्षा को लेकर भी चिंता ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

वन विभाग निगम के दिनेश सिंह परिहार ने बताया तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित जंगल छोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों राष्ट्रधानी बरतने और अकेले न में न जाने की अपील की।

साप्ताहिक बैठक

पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की समस्याएं हो रहीं हल

बुजुर्ग महिला ने बहू से झगड़ा और धमकी की शिकायत की, पुलिस ने दोनों पक्षों के लिए अलग–अलग रास्ते तय किए ताकि विवाद टले

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित कसवानी के निर्देश पर पहित पुलिस पंचायत की नियमित बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में हुई।

इस बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक और सामाजिक विवादों की गंभीरता से सुनवाई कर समाधान निकाले गए। पहले प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला ने अपने घर में रहने की जगह न होने की शिकायत की। बेटे आर्थिक एवं शौचालय निर्माण में हाथ बटाई, जिसके बाद पंचायत ने

तय किया कि बुजुर्ग महिला अपने कमरे में रहेंगी और बड़े बेटे द्वारा चार माह के अंदर शौचालय बनाया होगा। दूसरे प्रकरण में बुजुर्ग महिला ने बहू से झगड़ा और धमकी की शिकायत की, तब पंचायत ने दोनों पक्षों के लिए अलग–अलग रास्ते

तय किए ताकि विवाद टले। तीसरे प्रकरण में बहू के मोबाइल कॉल आने पर घर में झगड़ा होता था, जिससे बुजुर्ग महिला मानसिक परेशानी में थीं। इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई हुई और अन्य पक्षों की उपस्थिति पर अगली

बैठक में चर्चा तय हुई। प्रकरण में में कोरोना कोरोना काल में मंदिर पुजारी ने मोबाइल द्वारा मंदिर आंगन पर कब्जा करने शिकायत की, जिस पर दोनों को दस्तावेजों के साथ अगर बैठक में आने के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त अन्य मामलों भी सुनवाई और पूर्व प्रकरणों फॉलोअप किए गए।

पुलिस पंचायत बुजुर्गों को त्व समाधान देने के लिए सक्रिय रूप कार्यरत है। इस पहल से परिवार विवादों में मेलजोल बढ़ा और दु का दर्द सुना जा रहा है।

डंपर ने 60 वर्षीय महिला को रौंदा

डीआर संवाददाता ▶▶ नटेरन

नटेरन के मुख्य मार्ग पर कुवार को एक डंपर ने 60 वर्षीय महिला को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

महिला गुड्डीबाई पति नन्नूलाल अहिरवार जैसे ही घर से बाहर निकली तो तेज रफ्तार डंपर उसे रौंदता हुआ निकल गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

माधवगंज पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन आज

विदिशा। प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के कथित महिला विरोधी बयान के विरोध में जिला महिला कांग्रेस गुरुवार को दोपहर 2 बजे माधवगंज चौराहा पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किचर के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन में पुतला दहन मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई जाएगी। महिला कांग्रेस का आरोप है कि मंत्री ने सार्वजनिक मंच से महिलाओं को डराने–धमकाने वाला बयान देकर उनके सम्मान व अधिकारों पर हमला किया है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-14,2082

राजगढ, दिन गुरुवार,दिनांक 18 दिसंबर,2025

न्यूज गैलरी

10 बैंकों को सौंपे 21 लाख के स्वीकृति पत्र

खिलचीपुर। मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल जिला के माध्यम से प्रदेश में 7227 श्रमिक परिवारों को 100 करोड़ राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत खिलचीपुर में विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा 10 बैंकों से 21 लाख रुपए की स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं स्वच्छता रथों द्वारा ऑन फील सर्वेक्षण के तहत ऑन फील सफाई हेतु स्वच्छता मित्र को सफाई कोट भी वितरण की गई। कार्यक्रम में विधायक दांगी, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैगवाल, वीरेंद्र गौड़ जिला महामंत्री किसान मोर्चा, अजय साहू जिला सह संयोजक, गिरीश सोनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, संजय मिसाला अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण, सरपंचगण उपस्थित रहे।

पानी की मोटर लगाने में लगा करंट, युवक की मौत

राजगढ़। बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे शहर के नजदीक मधुरा पिपलिया गांव में तालाब में पानी की मोटर लगाने गए युवक सौरभर पुत्र अमर सिंह तंवर (26) को बिजली का तेज झटका लग गया। दुर्घटना के बाद परिजन तुरंत उसे लेकर जिला अस्पताल आए जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हितग्राही योजना का लाभ लेने कराएं ईकेवाईसी

राजगढ़। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में लाभ लेने के लिए पंजीकृत हितग्राही पीएम किसान पोर्टल पर ई-केवाईसी व बैंक खाता सम्बंध के आधार से लिंक कराएं। ई-केवाईसी के लिए सीएससी से बायोमेट्रिक या पीएम किसान एप से फेस रिकग्निशन द्वारा कर सकते हैं।

टिफिन में हाथ लगने पर युवक के साथ मारपीट

ब्यावरा। निवासिया निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामकिशन मेहर ने सिटी पुलिस को बताया कि वह मंगलवार शाम 6 बजे सुतलिया बायपास पर स्थित दानी की दुकान पर गुटखा लेने के लिए गया था। वहीं दुकान पर नरसिंगढ़ निवासी योगेश पुत्र कन्हैयालाल यादव का खाने का टिफिन रखा हुआ था। गलती से मेरा हाथ खाने के टिफिन में लग गया।

राहुल को मिली ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

राजगढ़। रागलूल को वार रोम और ग्रास रूट पर मजबूती लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने ब्यावरा इकाई की नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। इस नई टीम का नेतृत्व युवा और कर्मठ चेहरा राहुल दांगी को सौंपा गया है। राहुल दांगी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में पार्टी की नई रणनीति के संकेत मिलने लगे हैं। राहुल दांगी का राजनीतिक ग्राफ काफी प्रभावशाली रहा है। वे यूथ में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

8 दिन से ब्यावरा से लापता मोहित सागर में मिला

लखनवास। लखनवासा ब्यावरा से लापता हुए मुकालिया तहसील के गांव सलेपुर निवासी मोहित गोस्वामी आखिरकार 8 दिन बाद मंगलवार को सुरक्षित मिल गया है। मोहित को सागर जिले से बरामद किया गया, जिसके बाद उसे सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया। मोहित 8 दिसंबर को ब्यावरा से अचानक लापता हो गया था।

टीएल बैठक | टीएल बैठक में विभिन्न पेंडेंसी व अफसरों की लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त रुख

लापरवाही पर किसी की वेतनवृद्धि रोकी तो किसी को शोकाज नोटिस

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में कुरावर को आयोजित टीएल (टाईम लिमिट) बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों सहित अन्य लापरवाहियों पर सख्त रुख में नजर आए। उन्होंने कुछ लापरवाह अफसरों व कर्मचारियों की वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए वहीं कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। पूर्व की बैठकों में कलेक्टर डॉ. मिश्रा पेंशन अधिकारी एवं कोषालय कार्यालय को पेंशन प्रकरणों के बिल जनरेट की विभागवार जानकारी समय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उक्त जानकारी आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी व जिला कोषालय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ ही पेंशनरों की जानकारी सत्यापित न होने की स्थिति में संबंधित विभाग प्रमुख का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर डिस्ट्रक्ट कोआर्डिनेट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

पीएम आवास योजना की समीक्षा अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी को नगरीय निकायों से निकटतम प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत प्रकरणों तथा अस्वीकृत के कारणों, पहुंचे आवेदनों सहित समस्त जानकारी एसडीएम द्वारा सीएमओ से साथ समन्वय कर गुणवत्ता प्रीट ने निर्धारित रूप से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) से संबंधित बच्चों की शिकायतों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी 7 से 10 दिवस में एनआरसी की ओपीएमी शर्त-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

लेखापाल की वेतनवृद्धि रोक लेखा-पुस्तिका में करें दर्ज

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग के लेखापाल दिनेश मारीस की वेतनवृद्धि रोकने हेतु उसी उनकी सेवा-पुस्तिका में दर्ज करें। उल्लेखनीय है कि लेखापाल की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे लेकिन उनका अभी तक पालन नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर करें तैयारियां

आगामी 23 दिसंबर को जिले में केंद्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार खटीक के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए।

बंदियों को दे रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ताकि जिएं बेहतर जिंदगी

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों के लिए सेवा भारती संस्था ने अभिनव प्रयास करते हुए 07 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की शुरुआत की है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य इन बंदियों के जेल से छूटने के उपरान्त उन्हें स्वावलंबी बनाना है ताकि वे अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। सेवा भारतीय जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, सचिव कार्तण्ड सिंह सोलंकी, मुख्य प्रशिक्षक श्री कालरान, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र विजय राठौर अन्य ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बंदियों को कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई। उन्हें समझाया गया कि जेल से सजा काटने के उपरान्त आम व्यक्तियों की तरह जीवन जीते हुए सभ्य नागरिक की तरह अपने और अपने परिवार का दायित्व उठाएं।

कई तरह के दिए जाएंगे प्रशिक्षण

सात दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को इलेक्ट्रिक झालर बनाना, मोटर वाइंडिंग सहित इसी तरह के अन्य कार्य सिखाए जाएंगे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी, जेल विधिसलाकार दीपक सोनी, जेल शिक्षक लखन सिंह, मुख्य प्रहरी अमर सिंह सोलंकी उपस्थित थे।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आश्वासन के बाद स्थगित नगर परिषद सीएमओ ने कतम रखा सफाई के लिए उठाया झाड़ू

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

नगर परिषद सफाई कर्मचारी बीते 10 दिनों से चल रही थी हड़ताल गंगलवार रात्रि में परिषद द्वारा सफाई कर्मचारी की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के आश्वासन या कुछ दस्तावेजों की सम्प्राप्ति के बाद हड़ताल स्थगित हो गई और काम पर लौट आये। दुरुवार से सफाई कर्मचारियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये थे, सीएमओ द्वारा बस्ता स्थल पर जा कर कई बार उनको समझाया भी था लेकिन अपनी मांगों को लेकर टस से मस नहीं हो रहे थे, इसी बीच सीएमओ मैडम कल्पा ने ऑफिस के कर्मचारियों नगर की सफाई शुरू करवाई साथ ही स्वयं ने भी झाड़ू उठा में लेकर नगर की सफाई के लिए मंगलवार से लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के स्थान होने के बाद बाजार का कचरा उठाने कर्मचारी ता चर्चाओं के साथ सिलसिलेवार सफाई अभियान में जुट गये इस कार्य में नगर के लोगों का सहयोग भी मिला इसी बीच सफाई कर्मचारियों से भी बातें जारी थी लेकिन नगर में सफाई पर कायम न रहे वे भी प्रभावित थे इसीलिए अपने कर्मचारियों पार्षदों के साथ सफाई अभियान शुरू किया जिसके परिणाम सार्थक सिद्ध हुआ और सफाई कर्मचारी सुधार से अपने काम पर लौट आए।

कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, ग्रामीणों ने की अलाव जलाने की मांग

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

नोवतीकलाखा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी रोंगटे खड़े कर देने वाली ठंड ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ग्रामीण अंचलों में कड़ाके की सर्दी के कारण बुजुर्गों, बच्चों और मवेशियों की हालत दयनीय बनी हुई है। हाड़ कंपाने वाली ठंड से बचने के लिए लोग दिन भर अलाव का सहारा ले रहे हैं। यहां प्रशासन को देखते हुए ग्रामीणों ने राजगढ़-ब्यावरा और ग्राम पंचायत से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव लकड़ी की व्यवस्था करने की मांग की है।

प्रदेश नेतृत्व की सहमति उपरान्त पार्टी जिलाध्यक्ष ने जारी की सूची

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

राजगढ़-ब्यावरा। लंबे समय बाद भारतीय जनता पार्टी ने अंततः अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने मंगलवार देर रात 20 जिला महाधिकारियों की सूची जारी की है जिनमें चार महिला कार्यकर्ताओं को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

7 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 7 मंत्री सहित अन्य पदों के पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यकारिणी में अक्षय सक्सेना, मोहन गुप्ता, कुलशिरोर मीणा, पंकज शर्मा, इंद्र र सिंह लववंशी, अरुण पाटीदार, रामचरण दीपक मिस्त्री की उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह देवीसिंह सौंधिया एवं नन्दा इंदौरिया को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी जिलाध्यक्ष ने 07 मंत्री नियुक्त किए हैं जिनमें अनीता वर्मा, पंकज पैरवा, सुश्री शबनी परमार, सतेंद्र सिंह राठौर, हनुमान पाटीदार, मनसुखलाल नागर एवं सनेहर सिंह परमार शामिल है। इसके साथ ही शैलेंद्र गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र गौड़ जिला सह-कोषाध्यक्ष, श्याम मंडलोई कार्यालय मंत्री एवं भूपसिंह तंवर को सह कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

के अनुरूप चलने की अपेक्षा पार्टी की रीति-नीति

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति उपरान्त घोषित जिला कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की रीति, नीति के अनुरूप कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूरी प्रतिबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता व कॉलेज

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर।

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा शपथ दिलाकर समाज में फैल रहे बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह के प्रथा को खत्म करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने एवं अभियान के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन जागरूकता को अधिक सशक्त बनाने हेतु पूरे देश में 100 दिनों का

छात्राओं को शपथ दिलवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश होईदा के द्वारा भी बाल विवाह रोकने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार छीपावर के द्वारा शपथ दिलवाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। आज के दिन कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. विमल लोधवाल के द्वारा भी बाल विवाह के रोकथाम के साथ कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी कार्यान्वयन किया गया। इस मौसम शासकीय मॉडल स्कूल सारंगपुर में जाकर कॉलेज चलो अभियान का प्रचार प्रसार किया गया।

जिलाके अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्रो. संगीता गुप्ता के द्वारा भी कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षा नीति को विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया गया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य श्वेता गिरि द्वारा भी हम सभी को बहुत सहयोग

सीटी स्कैन | छात्रों ने किया इतिहास, सांस्कृतिक और पर्यावरण का अध्ययन

गांधी सागर क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यावरण व जैव विविधता के संरक्षण पर जानकारी ली

डीआर संवाददाता ■ छापीहेड़ा

दरियापुर शासकीय हाई स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025-26 का शैक्षणिक भ्रमण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से बाहर निकाल कर प्रत्यक्ष रूप से इतिहास संस्कृति प्रकृति और अध्ययन को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के तहत छात्र-छात्राओं ने गांधी सागर सांवरिया सेठ मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग जौहर कुंड रानी पद्मिनी महल संग्रहालय, रानी पद्मिनी छतरी रानी का झरोखा एवं महाभारत कालीन धर्मराजेश्वर मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। विशेष रूप से चित्तौड़गढ़ दुर्ग में विद्यार्थियों ने मेवाड़ की वीर गाथा जौहर की धरोहर तथा किले की भव्य स्थापत्य कला को करीब से समझा। संग्रहालय में दुर्लभ मूर्ति कला प्राचीन हथियारों और लोक संस्कृति से जुड़े संग्रहालयों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। इस मंदिर के निर्माण एक ही चट्टान से किया गया है इस वर्णनात समय में मंदिर के ऊपरी भाग पर भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा मंदिर के स्थल पर जीवंतता के दर्शन होते हैं। महाभारत कालीन इस मंदिर में मौन की लेटी हुई प्रतिमा मौन मजार तथा सौंह मुद्रा पेंडकर छात्र-छात्राएं देखकर बड़े आश्चर्य चकित हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री श्याम बिहारी लोहिया एवं शिक्षक दिनेश विश्नोइया अरुण दांगी हेमंत सोनी बने सिंह दांगी शिक्षक तुलसी मेघा के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम उत्साह पूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ छात्रों ने इस भ्रमण के माध्यम से इतिहास संस्कृति भूगोल और पर्यावरण के प्रति नई दृष्टि विकसित की तथा राष्ट्र की धरोहरों को सुरक्षित रखने की प्रेरणा प्राप्त की

विवेकानंद एकेडमी व सिस्टर निवेदिता के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

ब्यावरा। 12 और 13 दिसम्बर को विवेकानंद एकेडमी एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स सेकेण्डरी स्कूल ब्यावरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मांडवगढ़, महेश्वर ओंकारेश्वर का भ्रमण विद्यालय द्वारा कराया गया।

रात्रि में छात्र, छात्राओं ने मांडवगढ़ में स्थित जहाज महल, रानी रूपमती महल, रेवा कुंड आदि एवं महेश्वर में देवी अहिल्या बाई होलकर के किले एवं उस समय के प्रशासन संग्रहालय एवं माँ नर्मदा में स्नान का आनंद लिया साथ ही ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए इन भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक स्मारकों का निकटता से अवलोकन किया एवं दो दिवसीय टूर का आनंद लिया।

रामपुरिया में विधि-विधान से बंदर को दी अंतिम विदाई, शव यात्रा निकाली

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

रामपुरिया गांव में उस वक्त एक अविस्मरणीय और हृदयस्पर्शी दृश्य देखने को मिला, जब ग्रामीणों ने एक मृत बंदर का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ किया। ग्रामीणों ने इस बंदर को सिर्फ एक जानवर नहीं, बल्कि परिवार का सदस्य मानते हुए उसे अंतिम विदाई दी।

पूरे गांव में ढोल बजाकर किसी इंसान के शव की तरह बंदर के शव की अंतिम यात्रा निकाली। शव पर पुष्प अर्पित किए गए और सभी धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने इस घटना को संवेदनशीलता, करुणा और मानवता का प्रतीक बताया। उनका कहना था कि जीव मात्र के प्रति सम्मान भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और इसी भावना से ये अंतिम संस्कार किया गया। इस मानवीय मिसाल को स्थापित करने में मुख्य रूप से पटेल बद्री लाल, गुड्डर बालाराम,श्याम दांगी, जनपद सदस्य तिलोचन दांगी और विष्णु दांगी सहित ग्रामीणों की भूमिका रही।